उज्जैन
शुक्रवार
19
अप्रैल, 2024
मूल्य- 1.50 रु.
वर्ष-10
अंक-165
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

न क्लेशेन विना द्रव्यं विना द्रव्येण न क्रिया।
क्रियाहीने न धर्मः स्यात् धर्महीने कुतः सुखम्।।

**अर्थ :** दुख के बिना कोई सार नहीं है, पदार्थ के बिना कोई क्रिया नहीं है, कर्म के बिना धर्म संभव नहीं है; और धर्म के बिना सुख कैसे हो सकता है? (अर्थात बिना कष्ट के तुम धर्म और सुख को भी नहीं पा सकते।

## जेल में घर के बने खाने की आपूर्ति रोककर हत्या की साजिश : आतिशी

**नई दिल्ली।** आप पाएँगे कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में घर के बने खाने की आपूर्ति रोककर हत्या की साजिशः आप नेता आतिशी। आम आदमी पार्टी की अगुआई वाली आतिशी ने शनिवार को कहा कि जेल में बंद केजरीवाल को हत्या करने की साजिश की गई है! उन्होंने कहा, जेल में बंद केजरीवाल को घर के बने खाने की आपूर्ति रोककर हत्या करने की साजिश बनाई गई है। आतिशी ने इसे बड़े संज्ञान में लेते हुए कहा कि उन्होंने इस मामले में दिल्ली पुलिस से मिलकर चर्चा की है।



## लोकसभा की 102 सीटों पर वोटिंग जारीः कूचबिहार में पोलिंग बूथ पर पथराव

**नई दिल्ली।** लोकसभा के फर्स्ट फेज में 21 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग शुरू हो गई है। सीटों के हिसाब से यह सबसे बड़ा फेज है। वोटिंग शाम 6 बजे तक चलेगी। इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश की 60 में से 50 और सिक्किम की 32 विधानसभा सीटों पर भी वोटिंग चल रही है। अरुणाचल में 30 मार्च को भाजपा के 10 कैंडिडेट निर्विरोध जीत चुके हैं। मणिपुर की दो लोकसभा सीटों (मणिपुर इनर और मणिपुर आउटर) पर भी इस फेज में वोटिंग है। हिंसा को देखते हुए आउटर सीट के कुछ हिस्सों में 26 अप्रैल को भी वोटिंग होगी।

## ईरान के इस्फहान मिलिट्री बेस के पास हुए तीन विस्फोट

**नई दिल्ली।** इजराइल ने अपने ऊपर हमले के करीब एक हफ्ते बाद ईरान को जवाब दे दिया है। ईरान ने 13 अप्रेल की शाम को इजराइल पर करीब 300 ड्रोन से हमला किया था। ईरान के हमले में इजराइल को कोई बड़ा नुकसान तो नहीं हुआ था, लेकिन इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि हमले का जवाब जरूर दिया जाएगा। शुक्रवार तड़के इजराइल ने ईरान पर जवाबी हमला कर दिए हैं। ईरान की अर्ध सरकारी एजेंसी के मुतबिक इस्फहान शहर के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में मिलिट्री बेस के पास तीन विस्फोट सुने गए।



## ईरान के कब्जे वाले जहाज से भारत लौटी महिला क्रू

**नई दिल्ली।** ईरान ने ओमान की खाड़ी से जब्त किए गए जहाज से छोड़ी गई महिला भारतीय डेक कैडेट एन टेसा जोसेफ को भारत लौट आई है। आज एन टेसा जोसेफ केरल के कोचीन एयरपोर्ट उतरीं, जहां पर रीजनल पासपोर्ट अधिकारी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। जोसेफ की वतन वापसी पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने खुशी जताई है। उन्होंने एक्स पर लिखा शानदार काम भारतीय दूतावास , खुशी है कि एन टेसा जोसेफ घर पहुंच गई हैं। मोदी की गारंटी देश या विदेश हमेशा सभी जगह काम करती है। गौरतलब है कि इजराइल पर हमले से पहले ईरान ने भारत आ रहे पुर्तगाल के झंडे वाले एक जहाज को ओमान की खाड़ी में होर्मुज पास से जब्त किया था।

### जब तक लोग जागरूक नहीं होंगे तब तक कतिपय

# व्यापारी लूटते रहेंगे

## लोगों में जागरूकता की कमी..फिर भी नापतौल विभाग में दो माह के दौरान पहुंची चार शिकायतें

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

यूं तो शहर में नापतौल विभाग कार्यरत है लेकिन लोगों में जागरूकता नहीं होने के कारण बीते दो माह के दौरान विभाग के पास महज चार शिकायतें ही पहुंच सकी है।

ये शिकायतें है दुकानदारों द्वारा या तो एमआरपी से ज्यादा पैसे लेने की या फिर किराना सामग्री अर्थात शकर या तेल कम तौलने की या फिर पेट्रोल कम भरने की...! हालांकि विभाग के जिम्मेदारों का यह कहना है कि शिकायतों पर तुरंत एक्शन होता है लेकिन जब तक लोग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं होंगे तब तक कतिपय दुकानदार या व्यापारी उन्हें लूटते रहेंगे। शहर में नापतौल विभाग कार्यरत है और यहां यदि कोई उपभोक्ता किसी तरह से संबंधित शिकायत करता है तो उस पर विभाग अपनी ओर से कार्रवाई अवश्य ही करता है लेकिन शहर के लोगों में इस बात की जागरूकता ही नहीं है कि उनके साथ धोखा किया जा रहा है। बावजूद इसके अधिकांश लोग जानबूझकर अनजान बने हुए बैठे रहते है और कतिपय व्यापारी मुनाफा कमा रहे है। अमूमन लोग कई बार यह शिकायत करते है कि उन्हें पेट्रोल कम दिया गया और पैसे पूरे लिए गए या फिर कभी शकर कम



तौलने की या फिर एमआरपी से ज्यादा पैसे लेने जैसी शिकायतें सुनने के लिए मिलती है लेकिन ये शिकायतें या तो संबंधित व्यापारी तक ही सीमित रह जाती है या फिर लोग अपने साथ हुए धोखे का रोना अपने घर पर आकर रो लेते है लेकिन नापतौल विभाग तक पहुंचते नहीं है या फिर उपभोक्ता फोरम का दरवाजा नहीं खटखटाया जाता है और ऐसे में कतिपय व्यापारी अपने मुनाफे के चक्कर में लूटते रहते है। उल्लेखनीय है कि जिले की सरकारी और निजी संस्थाओं, पेट्रोल पंपों, प्रतिष्ठानों, दुकानों के तराजू बाँट और तौल पर निगरानी रखने के लिए नापतौल विभाग का अमला सक्रिय रहता है लेकिन लोग ही जागरूक नहीं है कि अपने साथ हो रहे धोखे की शिकायतें लेकर पहुंचे। हालांकि विभाग के जिम्मेदारों का यह भी कहना है कि उपभोक्ता फोरम की भी जानकारी लोगों को होने के बाद भी वे फोरम का दरवाजा नहीं खटखटाते है वहीं विभाग में भी शिकायतें सीधे तौर पर की जा सकती है लेकिन लोग समय बबार्दी होने का बहाना बनाकर चुप्पी साध लेते है।

### इनका कहना है

लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना जरूरी है। बीते दो माह के दौरान चार शिकायतें मिली है और इन पर एक्शन लिया गया है। लोग जागरूक हो, यह अपील हम करते रहते है।


**संजय पाटणकर, प्रभारी अधीक्षक नापतौल विभाग**

### ठगोरा बिल्डर संदीप रमतानी -- भाग 5

# भाभी भी निकली धोखेबाज

## फ्लैट ही नहीं प्लाट भी बेच दिया दोबारा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल**



राजधानी के ठगोरे बिल्डर संदीप रमतानी ने कई लोगों को अपना शिकार बनाया है। बेचे गए प्लाट दोबारा भी बेच दिए गए। बिल्डर रमतानी द्वारा योगेश सूद के फ्लैट को दोबारा बेच देने की धोखाधड़ी के बाद ऐसा ही एक और मामला सामने आया है। इसमें खुद संदीप रमतानी, भाभी वर्षा रमतानी और मोहिनी रमतानी के खिलाफ प्रकरण दर्ज हुआ है।

दैनिक ब्रह्मास्त्र ने पहले भी लिखा है कि संदीप रमतानी ने ऐसा खेल खेला कि अपने परिवार के लोगों को भी भू माफिया बना दिया। पत्नी संगीता रमतानी के खिलाफ भी मामले बताए जाते हैं। गौरतलब है कि कोलार क्षेत्र के बैरागढ़ चीचली में प्लाट बेचने के नाम पर धोखाधड़ी की गई। पुलिस ने जांच के बाद धोखेबाज बिल्डर संदीप रमतानी, वर्षा रमतानी और मोहिनी रमतानी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार पीएचई कॉलोनी ग्राम वीरपुर जिला सीहोर निवासी भागवत सिंह जायसवाल की 8 अक्टूबर 2022 को बिल्डर संदीप रमतानी और वर्षा रमतानी से मुलाकात हुई थी।

### 9 लाख में बेचा प्लाट

संदीप रमतानी का कहना था कि बैरागढ़ चीचली के अंशुल विहार में उनका बिकाऊ प्लाट है। उनके बीच प्लाट का सौदा 9 लाख रुपये में तय हुआ। अनुबंध कर भागवत ने वर्षा, संदीप व मोहिनी को साढे. तीन लाख रुपए दे दिए थे। यह प्लाट आकांक्षा गृह निर्माण समिति के तहत आता है। फरियादी भागवत सिंह जायसवाल जब समिति के दफ्तर पहुंचे, तब उन्हें पता चला कि यह प्लाट तो वर्षा रमतानी पहले ही दूसरे को बेच चुकी है। दरअसल, बिल्डर संदीप रमतानी की ठगी के शिकार एक के बाद एक मामले सामने आते नजर आ रहे हैं।

### शहर बढ़ रहा टेरेस गार्डन रेस्टोरेंट, मल्टियां, नाकाफी है आग बुझाने के साधन

# 24 फायर फायटरों के भरोसे उज्जैन शहर



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

**हवा- हवाई हो रहे आपदा प्रबंधन के दावे-** शहर जिस गति से विकसित हो रहा है उससे महसूस होता है कि आग बुझाने के लिए महज चौबीस वाहन नाकाफी सिद्ध है। कई बार जिला प्रशासन या नगर निगम प्रशासन के साथ ही जनप्रतिनिधियों ने आपदा प्रबंधन को लेकर दावे किए है लेकिन ये दावे हवा-हवाई ही सिद्ध हो रहे है। जनप्रतिनिधियों के साथ ही अफसरों का ध्यान शहर का विकास करने के साथ ही धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में शहर को विकसित करने की तरफ है लेकिन आपदा प्रबंधन को लेकर नींद नहीं खुल सकी है।

**कौड़ी की कुटार हो गई होटलें....**गौरतलब है कि जब से महाकाल महालोक बना है तभी से न केवल बाहरी शहरों से आने वाले लोगों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है वहीं शहर में होटलें और गेस्ट हाउस कौड़ी के कुटार हो गए है अर्थात इनकी भरमार हो गई हैं। तंग गलियों में होटलों का संचालन हो रहा है। खुदा ना खास्ता किसी तंग गली में किसी होटल या गेस्ट हाउस अथवा किसी रेस्टोरेंट में आगजनी की घटना हो जाए तो ऐसे स्थान पर दमकल की गाड़ी ही पहुंचने में मुश्किल पैदा हो सकती है। लिहाजा शहर में ऐसे छोटे वाहनों या संसाधनों की जरूरत है जो गलियों में संचालित होने वाले होटलों आदि में यदि आग लगने की घटना हो जाए तो उस पर काबू पाने में सक्षम रहे।

### सालों से नहीं खरीद सके कोई नया वाहन

शहर लगातार बढ़ रहा है...नई-नई कॉलोनियों का विकास हो रहा है...पुरानी होटल शांति पैलेस अर्थात शिप्रा नदी के पुल के पार नया शहर बस रहा है...मल्टियां बनती जा रही है...होटलों का निर्माण तेजी से हो रहा है...महाकाल महालोक के बाद मंदिर परिक्षेत्र का भी प्रशासनिक और सरकारी स्तर पर बेहतर से बेहतर विकास किया जा रहा है लेकिन पूरा शहर महज चौबीस वाहनों के भरोसे है। ये वाहन है नगर निगम द्वारा संचालित फायर ब्रिगेड के पास। बीते कई वर्षों से कोई नया वाहन न तो खरीदा जा सका है और कोई नया फायर स्ट्रक्कर नहीं बना न ही इस ओर जिम्मेदारों का ध्यान है जबकि शहर का विकास तीव्र गति से हो रहा है।

### सपनों का शहर बना हुआ है...

बता दें कि बीते दिनों शहर में ग्लोबल समिट के साथ ही व्यापार मेले जैसे आयोजन हो चुके है और सूबे के सीएम डॉ. मोहन यादव के लिए भी अब उनके लिए सपनों का शहर बना हुआ है यही कारण रहा कि उन्होंने व्यापार मेले जैसे आयोजन को उज्जैन में संचालित कराया वहीं इंदौर को दरकिनार कर ग्लोबल समिट भी कराया। लेकिन बावजूद इसके जिम्मेदार विभाग के अफसरों का ध्यान आपदा प्रबंधन को बेहतर बनाने की तरफ नहीं जा सका है।

### गर्मी के मौसम में ज्यादा होती है घटनाएं

गौरतलब है कि गर्मी के मौसम में ही आगजनी जैसी घटनाएं ज्यादा होती है। लेकिन स्टाफ की कमी भी फायर ब्रिगेड के पास बनी हुई है वहीं फायर ऑफिसर की नियुक्ति तक लंबे समय से नहीं हो सकी है। इसके अलावा शहर के मान से फायरमैन की भी संख्या कम ही है। सिस्टम ऐसा हो 5 मिनट में मदद पहुंचे। मौजूदा स्थिति में फायर ब्रिगेड के पास चौबीस दमकलें है और दावा किया जाता है कि ये आगजनी की घटना होने पर तुरंत ही पहुंचते है लेकिन बताया गया है कि इन वाहनों के चालक कम है और ऐसे में नगर निगम के वर्कशॉप से अन्य वाहनों के चालकों को दमकलों को चलाने के लिए बुलाना पड़ता है वह भी आगजनी की सूचना मिलने के ऐन वक्त पर।

## खबर एक नजर...

### महाकाल मंदिर में कोटा के भक्त ने दान किया चांदी का मुकुट

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में गुरुवार को दर्शन करने आए राजस्थान कोटा भक्त अंकुर खंडेलवाल ने पुजारी आकाश गुरु की प्रेरणा से 1 नग चांदी का मुकुट दान किया। भक्त ने मुकुट का पूजन कर भगवान महाकाल को अर्पित करने के बाद उसे मंदिर समिति के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल को नंदीहॉल में सौंपा। मुकुट का वजन लगभग 1221 ग्राम है। समिति के जूनवाल ने दानदाता का सम्मान कर प्रसाद भेंट किया।

### इंदौर में गूंजी उज्जैन के गायक-गायिकाओं की आवाज

**उज्जैन।** उज्जैन की ऑनेस्टी म्यूजिकल अकादमी द्वारा इंदौर प्रेस क्लब में गीत संगीत के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अकादमी के डायरेक्टर हरपाल सिंह चावला ने बताया कि कार्यक्रम का संयोजन अनिल भावसार ने किया। जिसमें आशा सिंह चौहान, सपना बारोड़, आशु नागर, अंशिता कानूनगो, उषा भावसार, करूणा भावसार, प्रकाश वर्मा, ललित भावसार, राजेश पलोड़, अभिषेक भावसार आदि उज्जैन के गायक-गायिकाओं ने सदाबहार नगमों की प्रस्तुति दी। धीरे-धीरे बोल कोई सुन ना ले सिंगर आशा सिंह चौहान एवं राजेश पालोड ने गाना गाकर दर्शकों का मंत्र मुग्ध कर दिया।

### खण्डेलवाल समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

**उज्जैन।** संत शिरोमणि 1008 श्री सुंदरदासजी महाराज के 428वें जन्मोत्सव को खंडेलवाल समाज उज्जैन द्वारा आयोजित किया गया। खंडेलवाल वैश्य पंचायत के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम समाज भवन पर महापौर मुकेश टटवाल द्वारा ध्वज एवं पालकी पूजन किया गया। तत्पश्चात भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई जिसमें बैंड बाजे के साथ पालकी में बाल गोपालजी एवं विंटेज कार में संत श्री की तस्वीर को विराजमान कर शोभायात्रा में सम्मिलित किया गया। शोभायात्रा भवन से प्रारंभ होकर निकास, कंठाल, तेलीवाड़ा, बड़ा सराफा, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, गोंदा चौकी होते हुए पुनः भवन पर पहुंची।

## गर्भगृह में 24 अप्रैल से बांधी जाएगी गलंतिका, भस्मआरती से संध्या पूजा तक ठंडक रहेगी

# महाकाल को गर्मी से बचाने के लिए 11 मटकियों से बहेगी सतत जलधाराएं



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भगवान महाकाल को भीषण गर्मी से बचाने के लिए 11 मटकियों से जलधारा प्रवाहित की जाएगी। यह मटकिया गर्भगृह में 24 अप्रैल से लगा दी जाएगी। प्रतिदिन ये मटकियां सुबह की भस्मारती समाप्त होने के बाद लगाई जाएगी और शाम को संध्या पूजन में हटा दी जाएगी। इस प्रकार दिनभर शिवलिंग पर भगवान को सतत जलधारा से ठंडक प्रदान होती रहेगी।

वैशाख और ज्येष्ठ मास में तेज गर्मी होती है। इस दौरान भगवान को भी ठंडक प्रदान करने के लिए जतन किए जाते हैं। इसलिए महाकाल मंदिर के गर्भगृह में ये मटकियां लगाई जाती है जो कि मिट्टी की होती है। इन मटकियों को पुजारी-पुरोहितों के द्वारा जल से भरा जाता है। वैशाख मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा से ये मटकियां बांधने की परंपरा है जो इस बार 24 अप्रैल को आ रही है। मटकियों से जलधारा प्रवाहित करने का क्रम दो महीने तक चलता है।

### नदियों के नाम वाले चांदी के 11 कलशों से जलधारा

महाकाल मंदिर समिति के सदस्य एवं पुजारी प्रदीप गुरु ने बताया भगवान को शीतलता प्रदान करने के लिए गर्भगृह में शिवलिंग पर मिट्टी के 11 कलश बांधे जाएंगे। नियमित चांदी के एक कलश की जलधारा के अलावा 11 अतिरिक्त मिट्टी के कलशों की जलधारा भी प्रवाहित होती रहेगी। इन कलशों के नाम भी होते हैं जिस पर गंगा, यमुना, शिप्रा, नर्मदा, कावेरी, गोदावरी सहित अन्य नदियों के नाम लिखे हैं

## 7 दिवस में कोषालय में अधिरोपित राशि चालान से जमा कराने के निर्देश

# उज्जैन जिले के 16 स्कूलों पर कलेक्टर ने लगाया 32 लाख रुपए का जुर्माना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जिला शिक्षा विभाग एवं प्रशासन के संयुक्त दल ने जिले भर में स्कूलों की पुस्तकों, कापी, यूनिफार्म के विक्रेताओं के यहां जांच की मशक्कत करते हुए पंचनामें बनाए थे। इस जांच का नतीजा सामने आ गया है। विक्रेताओं के साथ स्कूलों का गठजोड़ सामने आया है। इसके चलते कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने प्रावधान अनुसार जिले के 16 स्कूलों पर 2-2 लाख का जुर्माना लगाया है।

मध्य प्रदेश शासन शिक्षा विभाग एवं स्कूल संचालन के सम्बन्ध में जारी धारा-144 के तहत आदेशों का उल्लंघन करने पर उज्जैन जिला कलेक्टर ने निजी स्कूलों के संचालक/प्राचार्य उक्त अधिरोपित राशि सात दिवस में कोषालय में चालान के माध्यम से राशि जमा कर पावती जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को देना सुनिश्चित करेंगे। इसके आदेश जारी कर दिये हैं।



### उडनदस्तों के प्रतिवेदन से कार्रवाई

आदेश के तहत कलेक्टर के निर्देशानुसार निजी स्कूलों का गठित उड़नदस्तों के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान निजी विद्यालयों में विभिन्न कमियां पाई गई। उड़नदस्ते द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर निजी स्कूलों के संचालकों/प्राचार्यों को जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया था, जिसके प्रत्युत्तर में निजी स्कूलों के संचालक/प्राचार्य द्वारा प्रस्तुत किया गया था। प्रस्तुत प्रत्युत्तर का जिला समिति द्वारा अवलोकन/परीक्षण किया गया। परीक्षण उपरांत प्रत्युत्तर पूर्णतः समाधानकारक न पाये जाने से जिला समिति द्वारा जिले के 16 निजी स्कूलों के संचालकों/प्राचार्यों पर दो-दो लाख रुपये की शास्ति अधिरोपित की गई है।

### ये हैं जिले के 16 स्कूल

ज्ञान सागर अकेडमी देवास रोड, ज्ञान ग्लोबल अकेडमी चिन्तामन रोड, सेंट मेरी कॉन्वेंट हा से स्कूल देवास रोड, क्रिस्ट ज्योति कॉन्वेंट स्कूल मालनवासा, निर्मला कॉन्वेंट हासे स्कूल प्रेम नगर देवास रोड, सेंट पाल कॉन्वेंट हाईस्कूल पंचक्रोशी मार्ग आगर रोड, ऑक्सफोर्ड जुनियर कॉलेज, सेंट थॉमस स्कूल पंवासा मक्सी रोड सभी उज्जैन नगर एवं कार्मल कॉन्वेंट चककमेड़ तहसील घट्टिया, सेंट थॉमस हा से स्कूल बड़नगर, मास्टर माइंड इंटरनेशनल स्कूल तराना, दिनाह कॉन्वेंट स्कूल तराना, जीनदत्ता इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन नारायणा तहसील महिदपुर, एमपीएस अकेडमी महिदपुर, इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल खाचरौद तथा सेंट मार्टिन स्कूल बड़नगर हैं।

राज्य शासन ने निर्देश जारी किए गए थे। उसके तारतम्य में स्कूलों को निर्देश जारी किए गए थे। स्कूलों को प्रावधानों से अवगत करवाया गया था। उसके बावजूद भी शिकायतें प्राप्त हो रही थी। 16 शिकायतों की जांच की गई। प्रावधान अनुसार 16 स्कूलों पर 2-2 लाख का जुर्माना किया गया है।



**-नीरज कुमार सिंह, कलेक्टर,उज्जैन**

### ये कमियां


निर्देशानुसार सीबीएसई विद्यालयों में एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम उपयोग होना है,इन स्कूलों में निजी प्रकाशकों की पुस्तकों का उपयोग बगैर अनुमति किया जा रहा था। ये तकरीबन सभी स्कूलों में सामने आया है। पुस्तकों के विक्रेता एवं युनिफार्म विक्रेता से सांठगांठ सामने आई है।

### राज्य समिति में अपील कर सकते हैं स्कूल

25 जनवरी 2018 के गजट नोटिफिकेशन के अनुसार जिला समिति में अध्यक्ष पदेन कलेक्टर , सदस्य जिला कोषालय अधिकारी, कलेक्टर द्वारा नाम निर्दिष्ट सहायक संचालक एवं सदस्य सचिव जिला शिक्षा अधिकारी हैं । कार्यवाई शिक्षा विभाग एवं प्रशासन के प्रतिवेदन के आधार पर करते हुए आदेश जारी किए गए हैं। इस आदेश के विरूद्ध निजी स्कूल प्रावधान अनुसार राज्य स्तरीय समिति के सामने अपील कर सकते हैं।

## श्रद्धालु दोनों सुविधाओं से महीनों से वंचित है

### काशी की तरह महाकाल गर्भगृह में भी जल चढ़ाने और स्पर्श की अनुमति हो



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ज्योतिर्लिंग काशी विश्वनाथ की तरह उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में भी भक्तों को गर्भगृह में जाकर जल चढ़ाने एवं शिवलिंग को स्पर्श कर दर्शन की अनुमति प्रशासन को देना चाहिए। देशभर से उज्जैन आने वाले लाखों श्रद्धालु फिलहाल इन दोनों सुविधाओं से महीनों से वंचित है।

हाल ही में खुद प्रशासन ने ही यह बात कही थी कि उज्जैन के महाकाल मंदिर में काशी विश्वनाथ सहित देश के अन्य मंदिरों की तरह दर्शन आदि की व्यवस्थाएं तय की जाएगी तो सबसे पहले ही उज्जैन प्रशासन को मंदिर समिति के साथ मिलकर काशी की तरह महाकाल के गर्भगृह में आम प्रवेश चालू कर देना चाहिए। जिससे श्रद्धालु जल भी चढ़ा सकेंगे और शिवलिंग का स्पर्श भी कर सकेंगे। श्रावण मास से मंदिर में यह सुविधा बंद है। अखिल भारतीय मंदिर मठ सनातन धर्म मोर्चा के अध्यक्ष किशोर सिंह कुशवाह ने भी इस विषय को लेकर हाल ही में प्रशासन से मांग करते हुए इसे लागू करने को कहा है।

# महाकाल के गर्भगृह में आग से घायल पुजारी कर्मचारी स्वस्थ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल मंदिर में होली की भस्मारती के दौरान लगी आग में झुलसे पुजारी, कर्मचारी आदि अब स्वस्थ होकर घर लौटने लगे हैं। सभी का इंदौर के अरविंदो अस्पताल में उपचार चल रहा था। जानकारी मिली है कि उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

आपको बता दे इस हादसे में कुल 14 लोग घायल हुए थे जिसमें से एक सेवक सत्यनारायण सोनी की मुंबई में उपचार के बाद मौत हो चुकी है। इस पूरे घटनाक्रम पर खुद मुख्यमंत्री मोहन यादव, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसी सिलावट सहित उज्जैन के कमिश्नर संजय गुप्ता, कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, एडीएम अनुकुल जैन,



मंदिर प्रशासक मृणाल मीणा, इंदौर कलेक्टर-कमिश्नर आदि निगरानी रखे हुए थे। अरविंदो के चेयरमैन डॉ. विनोद भंडारी ने बताया कि इलाज के लिए अस्पताल की 64 डॉक्टरों की टीम जुटी हुई थी। बर्न यूनिट के हेड डॉ. अजय लुणावत ने बताया अधिकांश मरीज 30 प्रतिशत से अधिक जले गए थे। उन युवा मरीजों की खास देखभाल की गई, जिनके चेहरे भी झुलसे थे। डॉक्टर्स की टीम ने न केवल उनकी जान बचाई, बल्कि अपनी ओर से पूरी कोशिश की कि उन युवा मरीजों के चेहरों पर जलने के भी निशान बाकी न रहें। अस्पताल से पुजारी मनोज शर्मा, संजय पुजारी, शुभम जोशी, आनंद विकास शर्मा, रमेश चिंतामण गेहलोत, सोनू राठौर, अंश शर्मा, मंगल और कमल जोशी स्वस्थ होकर अपने घर पहुंच चुके हैं।

उज्जैन
शुक्रवार
19
अप्रैल, 2024

दैनिक ब्रह्मास्त्र

अन्यस्थाने कृतं पापं धर्मस्थाने विमुच्यते।
धर्मस्थाने कृतं पापं वज्रलेपो भविष्यति।।
अर्थ : धर्मस्थान में अन्यत्र किए पापों से मुक्ति मिलती है, लेकिन धर्मस्थान में किए गए पाप बिजली बन जाते हैं।

## खबर एक नजर...

### गर्मी की छुट्टी में भीड़ को देख चलाई गई इंदौर-हावड़ा स्पेशल ट्रेन में बुकिंग शुरू

इंदौर। गर्मी की छुट्टी और अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रतलाम मंडल ने इंदौर-हावड़ा के बीच स्पेशल किराए के साथ स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू किया है। ट्रेन 19 अप्रैल को इंदौर से रवाना होगी। गुरुवार से बुकिंग भी शुरू हो चुकी है। बुकिंग शुरू होते ही सेकंड एसी में आरसी आ गया है, वहीं थर्ड एसी और स्लीपर श्रेणी में सीटें उपलब्ध हैं। इंदौर-हावड़ा स्पेशल (09335 ) ट्रेन शुक्रवार रात 10.30 बजे इंदौर से रवाना होगी और रविवार सुबह छह बजे हावड़ा पहुंचेगी। वापसी में यह हावड़ा से रविवार शाम 5.40 बजे चलकर मंगलवार रात 12.50 बजे इंदौर पहुंचेगी। ट्रेन दोनों दिशाओं में देवास, उज्जैन, शुजालपुर स्टेशनों पर ठहरेगी। ट्रेन में एक सेकंड एसी, तीन थर्ड एसी, 15 स्लीपर व दो सामान्य श्रेणी के कोच होंगे।

### कार चलाते आया चक्कर, गाड़ी सहित शादी समारोह में घुसा, दो बच्चे घायल

इंदौर। एमजी रोड़ थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर बड़ा हादसा टल गया। चलती कार में युवक को चक्कर आ गए और वह गाड़ी सहित शादी समारोह में घुस गया। हादसे में दो बच्चे घायल हुए है। चालक को भी अस्पताल में भर्ती करवाया है। पुलिस के मुताबिक, घटना शांतिपथ की है। जूना रिसाला निवासी मोहम्मद अजहर कार (एमपी 09 सीपी 4033) से जिला पुलिस लाइन की तरफ से जा रहा था। मो.अजहर निजी कालेज का छात्र है। कार में एक छात्रा भी बैठी हुई थी। अचानक कार सड़क किनारे बने मंच में घुस गई। टीआई विजय सिसोदिया के मुताबिक, शिक्षा विभाग में पदस्थ रोहित रानावे की बहन की शादी का कार्यक्रम चल रहा था। महिलाएं, बच्चे कार्यक्रम में मौजूद थे। कार की टक्कर से सोनाली और अभिनव घायल हो गए। लोगों ने चालक मो.अजहर की पिटाई कर दी। टीआई के मुताबिक, अजहर ने बताया कि उसे चक्कर आ गए थे। आंख बंद हो गई और कार मंच से टकरा गई। पुलिस ने रोहित की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। घायल बच्चों को अस्पताल में भर्ती करवाया है।

### झूठे केस में क्लॉथ मार्केट के डायरेक्टर से

# पुलिस ने भरवा लिया बांड

**थाने पर भी बैठाया**

### व्यापारी पहुंचे कमिश्नर के पास, जब खास व्यापारियों के साथ ऐसा बर्ताव तो आम आदमी का क्या होता होगा?

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

क्लॉथ मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारी और व्यापारी को राजेंद्र नगर थाने बुलाकर पुलिस ने 20 हजार रुपये का बांड भरवा लिया। वैष्णव सहायक ट्रस्ट से जुड़े वयोवृद्ध व्यापारी पुरुषोत्तम पसारी को चार घंटे पूछताछ के नाम पर बैठाया।

क्या पुलिस भूमाफिया के साथ मिलकर काम कर रही है? यह प्रश्न क्लॉथ मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता से सामने रखे। पुलिस पर आरोप लगाया कि शहर के नामी व्यापारियों को झूठी शिकायतों के आधार पर परेशान किया जा रहा है। क्लॉथ मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष हंसराज जैन, चुनाव संचालक वैष्णव सहायक ट्रस्ट के पदाधिकारी पुरुषोत्तम पसारी, देवी अहिल्या न्यू क्लॉथ मार्केट के डायरेक्टर निर्मल सेठी समेत अन्य कारोबारी पुलिस कमिश्नर के पास पहुंचे थे। पदाधिकारियों ने कहा कि सुनील अजमेरा नामक व्यक्ति केसरबाग रोड स्थित न्यू क्लॉथ मार्केट की बाउंड्रीवाल तुड़वाना चाहता है। वह मार्केट से रास्ता चाहता है। उसके कहने पर थाना राजेंद्र नगर में शिकायत भी लिख ली गई और व्यापारियों को थाने बुलाकर परेशान किया जा रहा है, जबकि क्लॉथ मार्केट एसोसिएशन के पास कोर्ट के आदेश भी हैं कि मार्केट की सुरक्षा के लिए दीवार नहीं तोड़ी जाए।



#### जो व्यक्ति शिकायत कर रहा उसके नाम जमीन ही नहीं

व्यापारियों ने कमिश्नर से कहा कि पुलिस ने यह भी देखने की जरूरत नहीं समझी कि उस व्यक्ति के नाम वहां जमीन ही नहीं है। व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने कमिश्नर से यह भी पूछ लिया कि जब पुलिस के पास जमीन के विवाद में दखल देने का अधिकार नहीं तो थाने पर व्यापारियों को बुलाया क्यों जा रहा है।

#### बगैर जांच भरवा दिया बांड

ऐसे कारोबारी जिन पर कोई प्रकरण आज तक दर्ज नहीं हुआ, उनसे शांतिभंग नहीं करने का बांड राजेंद्र नगर थाने पर भरवाया गया। हमसे कहा जा रहा है कि हमने शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने यह जांच करने की जरूरत भी नहीं समझी कि क्या उससे संपर्क के कोई सबूत भी हैं?

#### सीपी ने दिए निर्देश

पूर्व पार्षद का पति मार्केट की दीवार तुड़वाने के लिए दबाव बना रहा है, जबकि पास लगी जमीन रेलवे की है। हमने कमिश्नर को राजेंद्र नगर थाने से हो रही मनमानी की जानकारी दी। कमिश्नर ने मौके से ही टीआई को निर्देशित कर दिया है। हम संतुष्ट हैं। -हंसराज जैन, अध्यक्ष क्लॉथ मार्केट एसोसिएशन

### इंदौर के धरतीपकड़ 19वीं बार चुनावी मैदान में

# हर बार जमानत जब्त का रिकॉर्ड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

लोकसभा सीट इंदौर के लिए गुरुवार को अधिसूचना जारी हुई। इसके साथ ही नामांकन पत्र भरने का सिलसिला प्रारंभ हुआ। पहले दिन दो नामांकन पत्र जमा हुए। इसमें एक की चर्चा इस बार भी हो रही है। धरतीपकड़ के नाम से प्रसिद्ध परमानंद तोलानी ने नामांकन पत्र भरकर चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे हैं। अब तक लड़े सभी 18 चुनाव में तोलानी की जमानत जब्त हुई है, इसके बाद भी वे मायूस नहीं हैं। जीत की उम्मीद में वे 19वीं बार चुनावी मैदान में उतर चुके हैं।

13 मई को होने वाले चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई। यह 25 अप्रैल तक चलेगी। पहले दिन सबसे पहले नामांकन फार्म परमानंद तोलानी ने खरीदा और सबसे पहले जमा कर दिया। रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े तालोनी की दो पीढ़ियों द्वारा लगातार चुनाव लड़ा जा रहा है। हर बार जमानत जब्त हुई, इसके बाद भी इनके हौसले बुलंद हैं।



**सांसद, विधायक, महापौर सभी का चुनाव लड़ा-** परमांनद तोलानी आठ बार लोकसभा, आठ बार विधानसभा और दो बार महापौर का चुनाव लड़ चुके हैं। महापौर चुनाव में महिला सीट होने पर एक बार पत्नी को भी चुनाव लडा चुके हैं। अब नौवीं बार लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन जमा किया है। दूसरा नामांकन फार्म अजीत सिंह सोशलिस्ट यूनिट सेंटर आफ इंडिया (कम्युनिस्ट) द्वारा जमा किया गया।

**पिता ने शुरू किया सिलसिला-** परमानंद के पिता मेठाराम तोलानी ने भी कई चुनाव लड़े थे। वे तीस साल तक चुनाव लड़े, लेकिन कभी जीत नहीं सके। 1988 में पिता के निधन के बाद परमानंद तोलानी ने 1989 से चुनाव लड़ना शुरू किया। परमांनद का कहना है कि जनता की सेवा करने के लिए जीतने तक चुनाव लड़ते रहेंगे। मेरे बाद मेरे बच्चे चुनाव लड़ेंगे।

## रतलाम कलेक्टर द्वारा एक साथ 33 आरोपियों को जिला बदर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराये जाने के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी राजेश बाथम द्वारा आपराधिक तत्वों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई है। कलेक्टर द्वारा एक साथ 33 आरोपियों को जिला बदर कर दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक राहुल लोढ़ा के प्रतिवेदन पर जिले में लोक शांति बनाए रखने, आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण, आपराधिक गतिविधियों को रोकने, हिंसक गतिविधियों को हतोत्साहित करने, क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत जिला दंडाधिकारी द्वारा आरोपियों को जिला बदर किया गया है। जिन आरोपियों को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया है।

### इंदौर में 24 को कांग्रेस और 25 अप्रैल को भाजपा उम्मीदवार भरेंगे नामांकन

# बम और लालवानी का होगा चुनावी मैदान में आमना-सामना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर


चौथे और आखिरी चरण में होने वाले इंदौर लोकसभा सीट के लिए चुनावी बिसात गुरुवार को नामांकन पत्र शुरू होते ही बिछ गई। इस बार दोनों प्रमुख दलों की ओर से नामांकन पत्र भरने की तारीख घोषित कर दी गई है। कांग्रेस उम्मीदवार अक्षयकांति बम 24 अप्रैल को नामांकन पत्र भरेंगे। भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी आखिरी दिन यानी 25 अप्रैल को नामांकन पत्र भरने पहुंचेंगे। दोनों दलों ने प्रदेश के बड़े नेताओं को नामांकन पत्र भरने के दौरान शामिल होने का न्योता दिया है।

कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय बम के साथ नामांकन के दिन प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और मप्र कांग्रेस प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह भी नजर आएंगे। पहले कांग्रेस ने नामांकन के पहले रैली के आयोजन का मन बनाया था। हालांकि अब कांग्रेस ने घोषणा की है कि नामांकन के पहले रैली की बजाय आमसभा होगी। शहर अध्यक्ष सुरजीतसिंह चड्ढा के अनुसार उम्मीदवार अहिल्या प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद मोती तबेला पहुंचेंगे। वहां आमसभा भी होगी। इसके बाद उम्मीदवार पांच लोगों के साथ नामांकन दाखिल करने निर्वाचन अधिकारी के दफ्तर पहुंचेंगे। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस ने इससे पहले उम्मीदवार के पक्ष में नामांकन रैली आयोजित कर शक्ति प्रदर्शन का मन बनाया था।

बताया जा रहा है युवा कार्यकर्ताओं ने बड़ी रैली आयोजित कर ताकत दिखाने का सुझाव दिया था। गुरुवार सुबह तक कांग्रेस इसी लाइन पर चल रही थी। शाम को चुनाव कार्यालय पर इसे लेकर एक बैठक हुई। बताया जा रहा है कि एक वरिष्ठ नेता ने रैली का सुझाव खारिज कर सभा करने का प्रस्ताव दिया।

दरअसल, चुनाव कार्यालय पर एक दिन पहले उद्घाटन के दौरान हुए विवाद से सहमे नेता ने किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति को टालने के लिए ऐसा कहा। इसके बाद तय हुआ कि कांग्रेस उम्मीदवार रैली नहीं करेंगे। मोतीतबेला पर जनसभा होगी। उसके बाद समर्थकों के साथ पहुंचकर नामांकन फार्म दाखिल कर दिया जाएगा।


#### लालवानी के लिए आएंगे मुख्यमंत्री



इंदौर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी 25 अप्रैल को नामांकन पत्र जमा करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री बुधवार रात इंदौर आए थे। नामांकन पत्र को लेकर मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट पर ही भाजपा के स्थानीय नेताओं से चर्चा की। इसके बाद उन्होंने आने की सहमति देते हुए नामांकन के दौरान मौजूद रहने की बात कही। भाजपा की ओर से भी अभी किसी तरह की रैली की घोषणा नहीं हुई है।

# दिव्यांका त्रिपाठी का एक्सीडेंट

## टूट गई हैं हाथ की दो हड्डियां



**दिव्यांका** त्रिपाठी एक फेमस टीवी एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने अपने करियर की शुरूआत डेली सोप 'बनूं मैं तेरी दुल्हन' में 'विद्या' का रोल किया था। हालांकि, शो 'ये है मोहब्बतें' में 'डॉक्टर इशिता भल्ला' की भूमिका से उन्हें अपार फेम और पहचान मिली। इसके अलावा, उसी शो के सेट पर दिव्यांका की मुलाकात एक्टर विवेक दहिया से हुई और धीरे-धीरे दोनों में प्यार हो गया। बाद में इस कपल ने 8 जुलाई 2016 को शादी कर ली। दिव्यांका का एक्सीडेंट हो गया है और उन्होंने हॉस्पिटल के बेड से अपडेट शेयर किया है। 18 अप्रैल, 2024 को एक्सीडेंट हो गया और उनके पति के फैंस को इसकी जानकारी दी। हालांकि पीआर टीम ने ज्यादा जानकारी नहीं दी, लेकिन उन्होंने खुलासा किया कि दिव्यांका की बांह की दो हड्डियां टूट गई हैं और अब वह डॉक्टर्स की देखभाल में हैं।

### फैंस को दी सूचना

इस बीच, विवेक दहिया ने अपना लाइव सेशन स्थगित कर दिया और अपनी पत्नी दिव्यांका के एक्सीडेंट की खबर सुनते ही उनके पास पहुंचे। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर, उन्होंने फैंस को पत्नी के बारे में अपडेट दिया। इसमें लिखा था, 'हमें यह घोषणा करते हुए दुख हो रहा है कि विवेक का कल होने वाला लाइव सेशन अगली सूचना तक स्थगित कर दिया गया है। कुछ घंटे पहले दिव्यांका का एक्सीडेंट हो गया था और अब वह मेडिकल केयर में हैं। उनके ठीक होने के बाद विवेक ये करेंगे। हम आपकी समझ और सपोर्ट के लिए आपको धन्यवाद देते हैं और दिव्यंका के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करने में हमारे साथ शामिल हों। विवेक जल्द ही आप सभी से जुड़ने के लिए एक्साइटेड हैं।'



# सकीना को पसंद आया तारा सिंह का नया लुक



सनी देओल और अमीषा पटेल की जोड़ी फिल्म 'गदर' में खूब हिट रही है। असल जिंदगी में भी दोनों सितारे काफी अच्छे दोस्त हैं। अक्सर सोशल मीडिया पर दोनों एक-दूसरे के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते नजर आते हैं। ऐसा ही कुछ एक बार हाल ही में देखने को मिला। दरअसल, सनी देओल ने सोशल मीडिया पर अपनी एक ताजा तस्वीर साझा की है। इस पर अमीषा पटेल के कमेंट ने यूजर्स का सबसे ज्यादा ध्यान खींचा है।

अभिनेता सनी देओल सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं। अक्सर वह अपने प्रशंसकों के साथ अपनी तस्वीरें साझा करते दिखते हैं। उन्होंने अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इसमें वह डेनिम शर्ट पहने दिख रहे हैं। इस पर अभिनेता के प्रशंसकों ने कमेंट की झड़ी लगा दी। कई बॉलीवुड सितारों ने भी प्रतिक्रिया दी। वहीं, अमीषा पटेल का कमेंट सबसे खास लगा। अभिनेत्री ने सनी देओल की तारीफ में लिखा, 'सबसे शानदार, सबसे हैंडसम'।

# हनीमून फ्लाइट में ऐश्वर्या को हुआ था शादी का अहसास




ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन ने साल 2007 में शादी की थी। उस वक्त इस शादी की खूब चर्चा हुई थी। कई दिनों तक यह जोड़ी सुर्खियों में रही थी। मालूम हो कि ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन की शादी को 17 साल पूरे होने जा रहे हैं। इस खास मौके पर हम ऐश्वर्या राय बच्चन से जुड़ी दिलचस्प बातें बताने जा रहे हैं।

जब शादी के बाद ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन बोरा बोरा में हनीमून मनाने के लिए गए थे तो एक गजब का वाकया हुआ था। ऐश्वर्या ने खुद एक पुराने साक्षात्कार में इसके बारे में बताया था। दोनों फ्लाइट से यात्रा कर रहे थे तभी अचानक एयर होस्टेस ऐश्वर्या राय के पास आई और उन्हें 'मिसेज बच्चन' कहकर बुलाया। यह सुनते ही अभिषेक और ऐश्वर्या ने तुरंत एक-दूसरे को देखा और दोनों जोर से हंस पड़े। ऐश्वर्या ने बताया था कि 'मिसेज बच्चन' सुनकर उन्हें अचानक महसूस हुआ था कि उनकी शादी हो गई है।



### धूम 2' की शूटिंग के दौरान हुआ था प्यार

ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन ने एक साथ कई फिल्मों में काम कर चुके हैं। इनमें 'धूम 2', 'रावण', 'कुछ ना कहो', 'ढाई अक्षर प्रेम के', 'गुरु' और उमराव जान शामिल है। अभिषेक बच्चन को 'धूम 2' की शूटिंग के दौरान ऐश्वर्या राय बच्चन से इश्क हुआ था। इसके बाद दोनों ने शादी रचाई थी। काम के सिलसिले में ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन की पहली मुलाकात साल 1999 में हुई थी। उस वक्त दोनों फिल्म 'ढाई अक्षर प्रेम के' के एक फोटो शूट के लिए मिले थे। कुछ साल बाद जब दोनों ने एक के बाद एक कई फिल्मों में काम करना शुरू किया तो उनके बीच नजदीकियां भी बढ़ने लगी थी।

# 'अनुपमा' टॉप पर बरकरार, शो 'झनक' ने मारी बाजी

इस हफ्ते की BARC TRP रिपोर्ट आ गई है। लिस्ट में नए शो 'झनक' ने तेजी से जगह बनाई। अब यह शो 'अनुपमा', 'गुम है किसी के प्यार में' और 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' जैसे लंबे समय से चल रहे शोज के साथ मुकाबला कर रहा है। चलिए, इस हफ्ते, कौन-सा शो टॉप पर रहा और कौन-सा पीछे, डालते हैं एक नजरः टीआरपी लिस्ट में सीरियल 'अनुपमा' टॉप पर है। दर्शक चाहते हैं कि अनुपमा और अनुज एक बार फिर से एक हो जाएं। इस ट्रैक की पॉपुलैरिटी



के कारण राजन शाही का ये शो इस हफ्ते भी पहले स्थान में बने रहने में कामयाब रहा। शो को 2.3 मिलियन व्यूअरशिप इंप्रेशंस मिले हैं तकरीबन पांच महीने पहले शुरू हुआ शो 'झनक' ऑडियंस को शुरू से ही इम्प्रेस करने में कामयाब रहा। हिबा नवाब और कृशाल आहूजा स्टारर यह शो टीआरपी चार्ट पर राज कर रहा है। शो की अनोखी कहानी के कारण ही यह टॉप तीन में शामिल है।



■ वर्ष-10 अंक-165 मूल्य- 1.50 रु.   मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ |गुजरात |महाराष्ट्र |राजस्थान |उत्तरप्रदेश |उत्तरांचल   आर एन आई क्रमांक 2013/57651

## सुभाषितानि

**उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत।।**
**क्षुरस्य धारा निशिता दुरत्यया दुर्गं पथस्तत्कवयो वदन्ति।।**

**भावार्थ** : उठो, हे सज्जनों, सावधान रहो। श्रेष्ठ (ज्ञानी) पुरुषों को प्राप्त करके (जाकर) ज्ञान प्राप्त करें। त्रिकालदर्शी (बुद्धिमान व्यक्ति) उस पथ (दर्शन का मार्ग) को उस्तरा की तेज (पार करने में कठिन) धारा (बहुत कठिन) के समान (समान) कहते हैं।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवार 19 अप्रैल, 2024

## बाबा महाकाल

### भस्मारतिः श्रृंगारः दर्शनम्

**अवन्तिकायां विहितावतारं मुक्तिप्रदानाय च सज्जनानाम्।**
**अकालमृत्योः परिरक्षणार्थं वन्दे महाकालमहासुरेशम्।**



जो भगवान शंकर संतजनों को मोक्ष प्रदान करने के लिए अवन्तिकापुरी उज्जैन में अवतार धारण किए हैं, अकाल मृत्यु से बचने के लिए उन देवों के भी देव महाकाल नाम से विख्यात महादेव जी को मैं नमस्कार करता हूँ। नमस्कार करता हूँ।

**तर्कविहीनो वैद्यः लक्षण हीनश्च पण्डितो लोके।**
**भावविहीनो धर्मो नूनं हस्यन्ते त्रीण्यपि।।**

**भावार्थः बिना तर्क के वैद्य, बिना लक्षण के विद्वान और भावना के बिना धर्म ये निश्चित रूप से दुनिया में हंसने योग्य हो जाते हैं।**

## सम्पादकीयम्

### भारतस्य समर्थनम्

अमेरिकायाः प्रत्येकं वचनं सुविचारितरणनीत्याः अन्तर्गतं भवति तथा च यतः भारतसर्वकारः आगामिषु दिनेषु एलोन् मस्कस्य कृते देशस्य द्वाराणि उद्घाटयितुं गच्छति तस्मात् एलोन मस्कस्य अमेरिकायाः च विचारानां वायुः दिशि प्रवहति भारतस्य । एषः निश्चयेन सुखस्य विषयः अस्ति, परन्तु एतेन भारतीयजनाः अभिभूताः न भवेयुः। यदा भारते टेस्ला-उत्पादानाम् विक्रयः वर्धते तदा स्पष्टतया मस्केन सह अमेरिका लाभे भविष्यति। एकस्याः पत्रकारसम्मेलनस्य समये अमेरिकीविदेशविभागस्य प्रमुखः उपप्रवक्ता वेदान्तपटेलः अवदत यत राष्ट्रपतिना पूर्वं संयुक्तराष्ट्रसङ्घस्य महासभायाः समक्षं स्वभाषणे एतस्य विषये चर्चा कृता अस्ति तथा च वयं निश्चितरूपेण सुरक्षापरिषदः सहितं संयुक्तराष्ट्रसङ्घस्य निकायेषु सुधारस्य प्रतीक्षां कुर्मः। अमेरिकायाः एषा कूटनीतिकप्रतिक्रिया भारतस्य अपि च एलोन् मस्कस्य प्रसन्नतायाः दिशि दत्ता अपि तस्य महत्त्वं अवगन्तुं शक्यते।

अमेरिकायाः प्रत्येकं वचनं सुविचारितरणनीत्याः अन्तर्गतं भवति तथा च यतः भारतसर्वकारः आगामिषु दिनेषु एलोन् मस्कस्य कृते देशस्य द्वाराणि उद्घाटयितुं गच्छति तस्मात एलोन् मस्कस्य अमेरिकायाः च विचारानां वायुः दिशि प्रवहति भारतस्य । एषः निश्चयेन सुखस्य विषयः अस्ति, परन्तु एतेन भारतीयजनाः अभिभूताः न भवेयुः। यदा भारते टेस्ला-उत्पादानाम् विक्रयः वर्धते तदा स्पष्टतया मस्केन सह अमेरिका लाभे भविष्यति। विगतमासत्रयात् एलोन् मस्कः अवगतवान्म यत संयुक्तराष्ट्रसङ्घस्य सुरक्षापरिषदे भारतस्य अनुपस्थितिः व्यर्थः एव।

### आहारचार्टे उत्थापितान् प्रश्नान् श्रुतवाचकानि इति आपनेता वदति

# सीएम जीवनं संकटे स्थापितं भवति : अतिशी



**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी मुख्यमन्त्री अरविन्द केजरीवालस्य जेलमध्ये भोजनस्य विषये ईडी इत्यनेन उत्थापितं प्रश्नं अफवाः इति उक्त्वा तस्य प्राणान संकटे स्थापयति इति आरोपं कृतवान। दिल्लीसर्वकारस्य मन्त्री अतिशी अवदत यत केजरीवालः गम्भीरः मधुमेहरोगी अस्ति। तस्य आहारसूची वैद्यैः निर्धारिता अस्ति ।

ईडी-आरोपाणां विषये दलकार्यालये आयोजिते पत्रकारसम्मेलने अतिशी अवदत यत मुख्यमन्त्रीं निर्वाचने पराजयितुं असफलतां प्राप्त्वा भाजपा तं जेलमध्ये स्थापयित्वा मारयितुम् इच्छति। अत एव ईडी मार्गेण एतत षड्यंत्रं कल्प्यते। सः अवदत यत केजरीवालः ३० वर्षाणि यावत मधुमेहरोगेण पीडितः अस्ति। एतस्य नियन्त्रणार्थं प्रतिदिनं ५४ यूनिट् इन्सुलिनस्य सेवनं भवति ।

अतिशी उक्तवान यत ईडी इत्यस्य प्रथमं असत्यं यत केजरीवालः मधुरचायं पिबितुं विहाय मिष्टान्नं खादति। एतत सम्पूर्णं असत्यम अस्ति। सः वैद्येन विहितं मधुरं चायं मिष्टान्नं च सेवते। एतत न्यूनकैलोरीयुक्तं मधुरकारकम अस्ति । द्वितीयं असत्यं यत सः कदलीफलं खादति। अहं ईडी इत्यस्मै वक्तुम इच्छामि यत वैद्याः मधुमेहरोगिणः कदलीफलं वा चॉकलेटं वा स्थापयितुं वदन्ति, यतः शर्करायाः स्तरः कदापि पतितुं शक्नोति। एतत आपत्कालस्य कृते अस्ति।

गृहे पाकं त्यक्तुम् इच्छन अतिशी अवदत यत तृतीयं असत्यं यत सः आलू-पुरी खादति, यदा तु नवरात्रिस्य प्रथमदिने केवलं प्रसादरूपेण एव खादितवान। एतत एऊइत्यस्य आहारचित्रे अपि लिखितम अस्ति, यत सर्वं कथ्यते इति द्दष्ट्वा।

गृहीतस्य अनन्तरं शर्करायाः स्तरः वर्धमानः न्यूनः च आसीत इति अतीशी अवदत यत फरवरी १ दिनाङ्के सी.एम. आहारस्य, व्यायामस्य, निद्रायाः च नियतं समयसूची आसीत। अतः तस्य इन्सुलिन स्थगितम, परन्तु तस्य गृहीतस्य अनन्तरं विपर्ययकार्यक्रमः स्थगितः । अतः तस्य शर्करास्तरः वर्धमानः न्यूनः च भवति ।

अतिशी अवदत यत गतदिनानि यावत तस्य शर्करायाः स्तरः ३०० तः उपरि एव अस्ति। केजरीवालः तिहारकारागारप्रशासनात इन्सुलिन याचते, परन्तु ते तत न ददति। एषः तस्य प्राणहरणस्य प्रयासः अस्ति। केजरीवालः स्वस्य विशेषज्ञवैद्येन सह वीडियो सम्मेलनद्वारा मिलनस्य आग्रहं कृतवान, परन्तु तदपि न क्रियते। वयं न्यायालये आवेदनं कृतवन्तः।

## सामूहिक बलात्कारस्य अनन्तरं बालिकायाः जिह्वा कटिता

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

दक्षिण दिल्लीनगरस्य गोविन्दपुरीक्षेत्रे लज्जाजनकघटना प्रकाशिता अस्ति। एकया महिलायाः गृहसहायता मित्रैः सामूहिकबलात्कारः अभवत् । न केवलम् एतत्, पीडितायाः जिह्वा अपि छिन्ना यत सा कस्मैचित किमपि वक्तुं न शक्नोति स्म ।

पुलिसैः कार्यवाही न कृता इति न्यायालयेन भर्त्सितः अस्याः घटनायाः अन्यः लज्जाजनकः पक्षः अस्ति यत् पुलिसैः अपि पीडितायाः बालिकायाः शिकायतां न श्रुतम्। वर्षद्वयस्य संघर्षस्य अनन्तरं गतसोमवासरे साकेतन्यायालयस्य आदेशेन अस्मिन् प्रकरणे प्रकरणं पञ्जीकृतम्।

पुलिस अधिकारी अवदत् यत् पीडिता बदरपुरक्षेत्रे निवसति, गोविन्दपुरीनगरस्य एकस्मिन् गृहे घरेलुसहायिका अस्ति। बालिकायाः स्वामिनी मालिशकेन्द्रं चालयति । २०२२ तमस्य वर्षस्य डिसेम्ब-मासस्य २९ दिनाङ्के सा महिला स्वपुत्र्याः जन्मदिने केषाञ्चन जनानां भोजनं पाकयितुं तं आहूतवती आसीत्। रात्रौ ८-९ वादनस्य समीपे चत्वारः पञ्च जनाः गृहम् आगताः आसन् । एतेषु एकः युवकः जलं याचमानायाः तस्याः हस्तं द्विवारं धारयितुं अपि प्रयत्नं कृतवान् । एतस्मिन्नन्तरे स्वामिनी बालिकायाः शीतपानं दत्तवती । तदनन्तरं सा अचेतनं जातम् । दिनद्वयानन्तरं यदा सः चेतनाम् आगतवान् तदा सः दृष्टवान् यत् सः गुरुग्रामस्य निजचिकित्सालये प्रवेशितः अस्ति।

## दैनिक राशिफल

**मेषः** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**वृषभः** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**मिथुनः** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरुनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**कर्कः** परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वंद्व और असंतोष बना रहेगा।

**सिंहः** व्यर्थ की भागदौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कन्याः** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान बढ़ेगा।

**तुलाः** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

**वृश्चिकः** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**धनुः** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक संपत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

**मकरः** अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजिक स्थल की यात्रा होगी।

**कुंभः** कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी।

**मीनः** आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।

## ज्योतिष/वास्तु


# हनुमान जन्मोत्सव पर करें ये सरल उपाय, हनुमत कृपा से बनेंगे बिगड़े कार्य

वैसे तो हनुमान जी की पूजा के अनेक विधि-विधान प्रचलन में हैं, लेकिन साधारण व्यक्ति जो सम्पूर्ण विधि-विधान से हनुमान जी का पूजन नहीं कर सकता है, वह मात्र श्रद्धा, भक्ति से हनुमान जन्मोत्सव के दिन हनुमान जी को फल, पुष्प, जनेउ आदि अर्पण कर हनुमान चालीसा, बजरंग बाण अथवा सुन्दरकाण्ड का पाठ कर ले, तो वह निश्चित रूप से पूर्ण फल प्राप्त कर सकता है।

यदि किसी भी व्यक्ति के जीवन में उसे परेशानियां और शत्रु घेरे हुए हैं और आगे बढ़ने को कोई रास्ता या उपाय नहीं सूझ रहा है तो हनुमान जन्मोत्सव, 23 अप्रैल 2024, मंगलवार के दिन से प्रारम्भ कर कम से कम 51 दिन तक नित्य हनुमान चालीसा, बजरंग बाण का पाठ करें, सारी परेशानियां समाप्त होने लगेंगी।

मनोकामना पूर्ति के लिए चैत्र शुक्ल पूर्णिमा, हनुमत जन्मोत्सव अथवा किसी भी शुक्ल पक्ष के मंगलवार या शुभ दिन, पर्व आदि का चयन कर हनुमान जी को प्रतिदिन 9 लाल फूल और 9 लाल फल अर्पित कर हनुमानष्टक का पाठ कर मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना करें। ऐसा करने पर बजरंग बली कार्य में आने वाले अनावश्यक विघ्न-बाधाओं को दूर कर कार्य सिद्ध करेंगे।

कोर्ट, कचहरी अथवा मुकदमें



में विजय प्राप्ति के लिए हनुमत जन्मोत्सव, मंगलवार के दिन हनुमान जी का चित्र या प्रतिमा स्थापित कर उसके समीप श्री हनुमत यंत्र की प्राण-प्रतिष्ठा कर उसके सामने बजंरग बाण का 51 पाठ करें। यदि धन स्थिर नहीं रहता हो, तो हनुमान जी के मंदिर में हनुमत जन्मोत्सव से प्रारम्भ कर, 9 मंगलवार 9 बताशे, एक जनेउ, एक पान श्रद्धापूर्वक अर्पित करें। यदि दवा आदि से रोग शांत न हो रहा हो तो, हनुमत जन्मोत्सव, मंगलवार को सूर्योदय के सम हनुमान जी के मंदिर जाकर हनुमान जी को साष्टांग दण्डवत प्रणाम करें, उनके चरणों का सिन्दूर घर ले आऐं, घर लाकर इस मंत्र से सिन्दूर को अभिमंत्रित करें।

**मनोजवं मारुततुल्यवेगं**
**जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्।**
**वातात्मजं वानरयूथमुख्यं**
**श्रीरामदूतम् शरणं प्रपद्ये।।**

अभिमंत्रित सिन्दूर का रोगी के मस्तिष्क पर तिलक लगा दें, रोगी की हालत में शीघ्र सुधार होने लगेगा। ज्योतिष शास्त्र में मंगल का संबंध रक्त से माना गया है। हनुमान जी की पूजा करने से मंगल ग्रह बलवान होता है जिससे शरीर में रक्त का संचार सुचारू रूप से होता है तथा बीमारी से लड़ने की ताकत व्यक्ति के अन्तर्मन में आने लगती है।



# आज ईवीएम में कैद होगी गडकरी नकुल समेत इन दिग्गजों की किस्मत

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान शुक्रवार को हो रहा है। इस चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की 102 सीटों के लिए मतदाता वोट डाले जा रहे हैं। इसके साथ ही कुल 1625 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो जाएगी। इन उम्मीदवारों में आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल शामिल हैं।

पहले चरण में जिन 102 सीटों पर मतदान होना है, उनमें तमिलनाडु की सभी 39 सीटें, राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की आठ, मध्य प्रदेश की छह, उत्तराखंड की सभी पांच, महाराष्ट्र की पांच, असम और बिहार की चार-चार, पश्चिम बंगाल की तीन, मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश की दो-दो, छत्तीसगढ़, मिजोरम और त्रिपुरा की एक-एक सीट शामिल है। 2019 के लोकसभा चुनाव में इन 102 सीटों पर कुल 69.96% मतदान हुआ था। इन सीटों में सबसे ज्यादा मतदान अरुणाचल प्रदेश की अरुणाचल पूर्व सीट पर हुआ था। यहां के 87.03 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। वहीं, सबसे कम मतदान बिहार की नवादा सीट पर हुआ था। यहां के महज 49.73 मतदाताओं ने वोट डाला था। पहले चरण में जिन 102 सीटों पर मतदान हो रहा है उनमें से कई सीटें ऐसी हैं जहां से दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर है। इनमें नागपुर से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से लेकर पीलीभीत से योगी सरकार के मंत्री जितिन प्रसाद तक शामिल हैं।

**नितिन गडकरी:** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी अपनी परंपरागत नागपुर सीट से एक बार फिर से चुनाव मैदान में हैं। गडकरी 2019 में यहां से जीते थे। इस बार उनका मुकाबला कांग्रेस के विकास ठाकरे से है। 2019 में नागपुर लोकसभा सीट पर 54.94% मतदान हुआ था।

**किरेन रिजिजू:** मोदी सरकार के एक और मंत्री किरेन रिजिजू एक बार फिर से अरुणाचल पश्चिम सीट से चुनाव मैदान में हैं। रिजिजू 2019 में भी यहां से जीते थे। इस बार उनका मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार और पूर्व मुख्यमंत्री नबाम तुकी है। 2019 में अरुणाचल पश्चिम सीट पर 78.50% मतदान हुआ था।

# थर्ड फेज के नामांकन के लिए आज आखिरी दिन

## अब तक 123 नामांकन जमा, चौथे फेज के पहले दिन 12 नामिनेशन

## पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज आज भरेंगे पर्चा

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल



लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन दाखिले का आखिरी दिन शुक्रवार है। इस दिन पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान विदिशा लोकसभा सीट के लिए रायसेन कलेक्टर के समक्ष नामांकन जमा करेंगे। इसके अलावा तीसरे चरण की अन्य सीट पर भिंड, मुरैना, ग्वालियर, सागर, राजगढ़, गुना और भोपाल सीट पर भी आखिरी दिन नामांकन जमा होंगे। गुरुवार को इन सीटों पर भोपाल में बीजेपी से आलोक शर्मा, सागर से लता वानखेड़े और भिंड से संध्या राय के नामांकन जमा करने के दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी मौजूद रहे। दूसरी ओर चौथे चरण के नामांकन के पहले दिन इंदौर, खंडवा, उज्जैन, रतलाम, मंदसौर में सात उम्मीदवारों के नाम निर्देशन पत्र भरे गए हैं वहीं देवास, धार और खरगौन के लिए एक भी नामांकन जमा नहीं हुआ है।

### अब तक यहां इतने नामांकन जमा

तीसरे चरण वाले लोकसभा क्षेत्रों विदिशा में अब तक 14, सागर में 13, राजगढ़ में 22, मुरैना में 9, भिंड में 11, भोपाल में 19, गुना में 15 तथा ग्वालियर में 20 नामांकन फार्म जमा हुए हैं। बीएसपी कैंडिडेट अशोक भलावी के निधन के कारण दूसरे से तीसरे चरण में आई बैतूल लोकसभा सीट के बीएसपी प्रत्याशी का नामांकन भी अभी जमा होना बाकी है। तीसरे चरण के नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी 20 अप्रेल को होगी और 22 अप्रेल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। तीसरे चरण के लिए अब तक कुल 123 नामांकन भरे गए हैं। वहीं दूसरी ओर चौथे चरण में शामिल इंदौर, उज्जैन और रतलाम-झाबुआ लोकसभा सीट के लिए पहले दिन दो-दो, मंदसौर और खंडवा में तीन-तीन नामांकन जमा किए गए हैं। चौथे चरण के पहले दिन कुल 12 नामांकन जमा हुए हैं।

### पोलिंग सेंटर नहीं पता तो ऐसे जुटाएं जानकारी

प्रदेश में पहले चरण के लोकसभा चुनाव की वोटिंग आज हो रही है और कुछ मतदाताओं के पास वोटर कार्ड और पोलिंग बूथ की जानकारी नहीं होने से उन्हें वोट डालने में दिक्कत हो सकती है लेकिन चुनाव आयोग ने ऐसे वोटर्स के लिए तुरंत पोलिंग बूथ की तलाश और लोकेशन जानने की व्यवस्था की है जो आनलाइन मोड के जरिये हासिल की जा सकती है। चुनाव आयोग की ओर से बताया गया कि क्यू आर कोड के माध्यम से जानकारी लेने के अलावा वोटिंग करने के लिए जिन वोटर्स के पास ईपिक नहीं है और मतदान केंद्र की भी जानकारी नहीं है लेकिन वे वोट डालना चाहते हैं तो इसके लिए उन्हें आयोग द्वारा बताए गए तरीकों से आनलाइन पोलिंग सेंटर और मतदाता सूची में नाम की जानकारी मिल सकती है।

### ऐसे सर्च करें अपना पोलिंग बूथ

अगर किसी को अपना पोलिंग स्टेशन नहीं पता है तो ectoralsearch.eci.gov.in/pollingstation पर अपना ईपीआइसी नंबर दर्ज करना होगा। कैप्चा कोड दर्ज करने के बाद सर्च बटन पर क्लिक करना होगा। इसके बाद स्क्रीन पर पोलिंग स्टेशन की जानकारी दिख जाएगी।

# मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक कर भारत को सुरक्षित बनाया : शाह

ब्रह्मास्त्र ›› अहमदाबाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकी हमलों के बाद पाकिस्तान के अंदर सर्जिकल और एयर स्ट्राइक करके भारत को सुरक्षित बनाया है।

गृह मंत्री ने अहमदाबाद के वेजलपुर, साणंद और गांधीनगर के कलोल में रोड शो किया। वेजलपुर में उन्होंने कहा कि मोदी 10 साल में देश की अर्थव्यवस्था को 11वें से पांचवें स्थान पर ले आए और अपने तीसरे कार्यकाल में इसे दुनिया में तीसरे स्थान पर पहुंचा देंगे।

शाह ने कहा कि मोदी ने देश को सुरक्षित करने के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि सोनिया-मनमोहन सरकार में कोई भी पाकिस्तान से आकर यहां हर दिन बम विस्फोट कर देता था। भाजपा नेता ने कहा कि आतंकवादियों ने 2016 में उरी और 2019 में पुलवामा में हमला किया, लेकिन उन्हें नहीं पता था कि अब मनमोहन सिंह नहीं बल्कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं।



## खबर एक नजर...

### ड्रग्स फैक्टरी का भंडाफोड़, 4 गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा पुलिस ने ओमीक्रोन वन स्थित मकान में चल रही अवैध ड्रग्स फैक्टरी का भंडाफोड़ कर चार नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 26 किलोग्राम एमडीएमए ड्रग्स, ड्रग्स बनाने के उपकरण, सप्लाई में प्रयुक्त दो कार बरामद की। तैयार ड्रग्स की कीमत 100 करोड़ और 50 करोड़ का कच्चा माल बरामद किया है।

### ईरान के कब्जे वाले पोत से भारतीय महिला रिहा

**नई दिल्ली।** तेहरान में भारतीय दूतावास के प्रयासों से ईरान के कब्जे वाले इजरायल के पोत में तैनात 17 भारतीय चालक दल के सदस्यों में से एक महिला कैडेट एन. टेसा जोसेफ को मुक्त कर दिया गया है। वह गुरुवार दोपहर केरल में अपने घर त्रिशूर पहुंच गईं। भारत सरकार ने कहा, चालक दल के बाकी सदस्यों की रिहाई के लिए प्रयास जारी हैं।

### तरनतारन से चीन निर्मित ड्रोन बरामद

**तरनतारन।** पंजाब के तरनतारन जिले के सीमावर्ती इलाके से चीन निर्मित ड्रोन बरामद किया गया। ड्रोन की सूचना पर बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान तरनतारन के कलश हवेलियन गांव से सटे एक खेत में एक ड्रोन बरामद हुआ।

### आमिर फर्जी वीडियो मामले में केस दर्ज


**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने अभिनेता आमिर खान के डीपफेक वीडियो के संबंध में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इस वीडियो में वह कथित तौर पर एक राजनीतिक पार्टी का प्रचार करते नजर आ रहे हैं।

### जय श्रीराम का नारा लगाने पर हमला

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में राम नवमी के अवसर पर जय श्रीराम का नारा लगाने पर तीन लोगों पर कथित तौर पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि चिक्काबेट्टा हल्ली में बुधवार को यह घटना घटी और उस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।

# स्वस्थ्य भारत के लिए सफल रहा बाबा रामदेव का मंत्र

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



# योग करो... रोग भगाओ... स्वदेशी अपनाओ...

## विदेशी कंपनियों की ईर्ष्या का केंद्र है पतंजलि

स्वामी बाबा रामदेव भारतीय योग-गुरु हैं। उन्होंने योगासन व प्राणायामयोग के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान दिया। रामदेव जगह-जगह स्वयं जाकर योग-शिविरों का आयोजन करते हैं, जिनमें प्रायः हर सम्प्रदाय के लोग आते हैं। रामदेव अब तक देश-विदेश के करोड़ों लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से योग सिखा चुके हैं। योग सिखाना और रोग भगाना यानी स्वदेशी तरीके से भारत को स्वस्थ्य रखना ही बाबा रामदेव का उद्देश्य नजर आता है।

पतंजलि उद्योग के बढ़ते कदम, बाबा के योग का बढ़ता प्रभाव, कई दवा और योग कंपनियाँ की ईर्ष्या का केंद्र है। यही वजह रहती है कि बाबा रामदेव की अनेकों उपलब्धियाँ के बावजूद उन्हें घेरने वालों की भी कमी नहीं है। हर बार कोई न कोई तरीका ऐसा निकाला जाता है कि बाबा किसी न किसी तरह घिर जाएं, परंतु यह बाबा रामदेव ही हैं कि हर मुश्किल का सामना करते हुए योग सिखाओ और रोग भगाओ की अपनी मुहिम पर अड़े रहते हैं।

### फिटनेस मंत्र योग के अलावा पतंजलि को भी अपना रहे लोग

योग गुरु बाबा रामदेव के योग और फिटनेस मंत्र को तो लोग अपना ही रहे हैं, उनके ब्रांड पतंजलि को भी घर-घर में इस्तेमाल किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक जमाने में बाबा रामदेव हरिद्वार में स्कूटर से घर-घर जाकर दवाइयां बेचते थे। बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने कई नए प्रॉडक्ट लॉन्च किये हैं। ध्यान रहे कि देश में ब्रांड का मूल्यांकन करने वाली एजेंसी ट्रस्ट रिसर्च एडवाइजरी ने ह्यद ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट इंडिया स्टडी 2017 में 11 हजार कंपनियों में से पतंजलि को एफएमसीजी वर्ग में इंडियाज मोस्ट ट्रस्टेड एफएमसीजी ब्रांड घोषित किया था और इंडियाज मोस्ट एट्रैक्टिव ब्रांड 2017 एफएमसीजी वर्ग में देश की 10 हजार कंपनियों में से पतंजलि को चुना है।

### विदेशी कंपनियों की नींव हिला दी भारत में

पतंजलि आयुर्वेद के एमडी आचार्य बालकृष्ण का कहना है कि लोगों का विश्वास हमारी पुरुषार्थ शक्ति को बनाए रखता है। उन्होंने कहा कि पतंजलि निरंतर अपने कर्तव्य पथ पर अग्रसर है। देश में विदेशी कंपनियों की भरमार है। भ्रामक विज्ञापनों और झूठे प्रचार के दम पर इन कंपनियों ने वर्षों देश को लूटा। स्वामी रामदेव के नेतृत्व में पतंजलि योगपीठ की ओर से वृहद् स्तर पर स्वदेशी आंदोलन चलाया गया, जिसका परिणाम है कि देश में इन विदेशी कंपनियों की नींव पूरी तरह हिल चुकी है। आचार्य बालकृष्ण के अनुसार पतंजलि सौ प्रतिशत स्वदेशी है। हमारी सफलता का राज है उत्पादों में 100 प्रतिशत शुद्धता, उपभोक्ताओं का पतंजलि पर पूर्ण विश्वास और राष्ट्र सेवा के प्रति पतंजलि का पूर्ण समर्पण भाव। देश के हर घर की रसोई में पतंजलि की पहुंच बन चुकी है।

# सौ सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डों में चार भारतीय

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली



दुनिया के 100 श्रेष्ठ हवाई अड्डों की सूची गुरुवार को जारी हुई। इसमें भारत के चार हवाई अड्डे दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई, हैदराबाद ने जगह बनाई है। सर्वश्रेष्ठ 50 में दिल्ली एयरपोर्ट 36वें स्थान पर रहा।


हवाई अड्डा उद्योग का ऑस्कर कहलाने वाले प्रतिष्ठित स्काईट्रैक्स वर्ल्ड एयरपोर्ट अवार्ड्स-2024 का खिताब दोहा के हमाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को मिला। 12 बार खिताब अपने नाम करने वाला सिंगापुर चांगी इस बार सूची में दूसरे पायदान पर रहा। सियोल इंचियोन एयरपोर्ट तीसरे स्थान पर रहा। टोक्यो के हानेडा और नारिता हवाई अड्डे चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। यह सूची यात्रियों के वोटों के आधार पर तैयार की जाती है। मुंबई हवाई अड्डे की रैंक पिछले साल के 84वें स्थान से लुढ़कर 95वें स्थान पर आ गई है। बेंगलुरु हवाई अड्डे ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 10 रैंक की छलांग लगाई है। बेंगलुरु पिछले साल के 69वें से बढ़कर 59वें स्थान पर पहुंच गया। हैदराबाद हवाई अड्डा चार पायदान ऊपर चढ़कर 65वें क्रम से बढ़कर 61वें स्थान पर पहुंच गया।

## व्हाट्सएप पर स्टिकर पैक मिलेगा

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

वाबीटाइंफो के अनुसार व्हाट्सएप में जल्द नया फीचर जुड़ने वाला है। इससे यूजर्स को प्लेटफॉर्म पर 32 नए स्टिकर पैक का सुझाव मिलेगा। व्हाट्सएप ने इस साल की शुरूआत में स्टिकर मेकर टूल को लॉन्च किया था। इस फीचर के माध्यम से यूजर्स प्लेटफॉर्म पर अपनी पसंद की फोटो का स्टिकर बनाकर शेयर कर सकते हैं। अब मैसेजिंग ऐप स्टिकर फीचर में नई सुविधा जोड़ने की तैयारी कर रहा है।

## फिर लड़खड़ाई जो बाइडन की जुबान




**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की जुबान एक बार फिर सार्वजनिक रूप से लड़खड़ा गई। उन्होंने गलती से इजरायली शहर हाइफा को गाजा का एक शहर राफा कह दिया था। एक मीडिया कार्यक्रम में एक बहस में उन्होंने कहा कि मैंने इजरायल को साफ चेतावनी दी है कि वह हाइफा की ओर न बढ़े। जबकि वह बोलना राफा चाहते थे, हाइफा इजरायल का बंदरगाह शहर है। साक्षात्कार में एक सवाल के जवाब में उनसे से गलती हुई।

## आर्यन खान को क्लीन चिट देने वाला सेवानिवृत्त

**नई दिल्ली।** ड्रग्स-ऑन-क्रूज मामले में अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन को क्लीन चिट देने वाली एसआईटी का नेतृत्व करने वाले एनसीबी के उप महानिदेशक (डीडीजी) संजय कुमार सिंह ने वीआरएस ले लिया है।

## वर्ग पहेली



बाएँ से दाएँ

2. 1. पालन-पोषण 2. उत्पादन 3. भरणी नामक नक्षत्र 4. किसी वस्तु के खराब हो जाने पर की जाने वाली क्षतिपूर्ति।
3. वह (विवाहिता) नायिका जो गुप्त रूप से परपुरुष से प्यार करती है; (काव्यशास्त्र) नायिका का एक भेद।
5. 1. पारलौकिकता; लोकोत्तरता 2. दिव्यता 3. अपूर्वता 4. अनोखापन; अनूठापन 5. विरलता 6. असाधारणता।
7. जिसे दंड मिला हो या दिया गया हो; सजायाफ़्ता; सजा पाने वाला।

ऊपर से नीचे

1. 1. गरदन 2. मोथा (एक जड़ी); मुस्तक 3. बादल; मेघ 4. एक प्रकार का शाक।
2. 1. भय उत्पन्न करने वाला; डरावना; भयंकर 2. आतंकपूर्ण 3. उग्र।
4. 1. जिसका रंजन या मनोरंजन हुआ हो 2. रीझा हुआ; अनुरक्त; अनुराग या प्रेम में डूबा हुआ।
5. खेती में जमीन के मालिक और जोतने-बोने वाले के बीच आधे की हिस्सेदारी या साझेदारी; बटाईदारी; बंदोबस्त का वह प्रावधान जिसमें उपज का आधा जमीन के मालिक को और आधा खेत जोतने-बोने वाले को मिलता है।
6. 1. पशुओं के शरीर में चिपटने वाला छोटे आकार का एक कीड़ा; किल्ली; (टिक) 2. बड़ा जूँ।

### पिछली वर्ग पहले का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 नि | का | सी | | | | 2 अ |
| शा | | | 3 फि | | | गि |
| त | | 4 मा | स | मी | डि | या |
| | 5 अ | | ल | | | री |
| 6 सा | र | ही | न | | 7 हु | |
| | विं | | | 8 न | न | द |
| | 9 द | व | न | | र | |

धनशोधन के मामले में ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था

# आप विधायक अमानतुल्लाह खान गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के बीच आम आदमी पार्टी को एक और बड़ा झटका लगा है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)ने कथित वक्फ बोर्ड घोटाले में आप विधायक अमानतुल्लाह खान को लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

अमानतुल्लाह खान सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत की अर्जी ठुकराए जाने के बाद अदालत के आदेश पर पूछताछ के लिए ईडी के सामने पेश हुए थे। गिरफ्तारी से पहले ईडी ने खान से करीब दस घंटे तक पूछताछ की थी।

आप सांसद संजय सिंह ने एक्स पर लिखा कि केंद्र सरकार ऑपरेशन लोटस में जुट गई है। मंत्रियों, विधायकों पर फर्जी मामले बनाकर उनको गिरफ्तार किया जा रहा है। अमानतुल्लाह के खिलाफ ईडी की ओर से बेबुनियाद मामला बनाया जा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में खान की अध्यक्षता के दौरान हुई कथित अनियमितताओं से संबंधित मामले में आप विधायक की अग्रिम जमानत याचिका पर विचार करने से पिछले सप्ताह इनकार कर दिया था जिसके बाद अब उनसे यह पूछताछ हुई है। शीर्ष अदालत ने उन्हें 18 अप्रैल को जांच में शामिल होने का निर्देश दिया था।

**नियमों का पालन किया :** ईडी कार्यालय में प्रवेश करने से पहले उन्होंने पत्रकारों के सामने दावा किया कि जब वह वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष थे तो उन्होंने नियमों का पालन किया और कानूनी राय लेने के बाद और 2013 में आए नए अधिनियम (बोर्ड के लिए) के अनुसार कार्य किया। खान के खिलाफ धन शोधन का मामला सीबीआई की प्राथमिकी और दिल्ली पुलिस की तीन शिकायतों से संबंधित है।

**ईडी का दावा :** ईडी ने दावा किया है कि खान ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में कर्मचारियों की अवैध भर्ती के माध्यम से बड़ी रकम नकद में अर्जित की और अपने सहयोगियों के नाम पर अचल संपत्ति खरीदने के लिए उस रकम का निवेश किया। ईडी ने एक बयान में आरोप लगाया था कि छापे के दौरान कई आपराधिक सामग्री जब्त की गई।

## खबर एक नजर...

### फिर हुई सड़क दुर्घटना में गई युवक की जान

**उज्जैन।** बुधवार रात एक बार फिर सड़क दुर्घटना में युवक की जान चली गई। मामला चिमनगंज थाना क्षेत्र के कानीपुरा मार्ग का होना सामने आया है। पुलिस ने बताया कि बड़नगर तहसील के ग्राम लि बोदा में रहने वाले हर्ष पिता भारतसिंह पटेल 24 वर्ष को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। उसके पास मिले मोबाइल से उसकी पहचान की परिजनों को सूचना दी गई। जिला अस्पताल पहुंचे परिजनों ने गुरुवार सुबह बताया कि हर्ष बुलेट लेकर तराना-कायथा के बीच ग्राम करंज स्थित शादी में शामिल होने का बोलकर निकला था। हर्ष का विवाह नहीं हुआ था। पुलिस के अनुसार अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर जांच में लिया गया है।

### भाई पहुंचा तो फंदे पर लटका मिला युवक

**उज्जैन।** देवासरोड गंगाविहार कालोनी में रहने वाले विशाल पिता अशोक खत्री 35 वर्ष ने बुधवार-गुरुवार रात रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। सुबह जब वह कमरे से बाहर नहीं आया तो भाई विक्रांत उसे देखने पहुंचा। दरवाजा अंदर से बंद था। काफी खटखटाने पर नहीं खुला तो दरवाजा तोड़ा गया। विशाल पंखे से लटका हुआ था। मामले की जानकारी मिलने पर नागझिरी पुलिस पहुंची। शव को फंदे से उतार गया और पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल लाया गया। भाई ने बताया कि विशाल की 2 बच्चों का पिता था और सफाईकर्मी का काम करता था। पुलिस के अनुसार घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामले की जांच की जा रही है। परिजनों के बयान दर्ज किये जाएगें।

### दो पक्षों में विवाद, छेड़छाड़ का आरोप

**उज्जैन।** मक्सीरोड माधोपुरा में पारदी पक्ष के दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष ने परिवार की युवती से छेड़छाड़ का आरोप लगाया। विवाद में एक पक्ष से गोपाल पिता रामसिंह सोलंकी और उसकी पत्नी रुमाला घायल हुई है। पंवासा थाना प्रभारी रविन्द्र कटारे ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच नवरात्रि की नवमी तिथि पर खेत में पहले पूजन करने की बात पर विवाद हुआ था। उसी बात को लेकर दोनों पक्ष में मारपीट हुई है।

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**

इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
89629-44070

# रात 12 बजे नीलगंगा चौराहा पर युवक की हत्या

## चार थानों की पुलिस पहुंची अस्पताल, आरोपियों की तलाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रात 12 बजे नीलगंगा चौराहा पर एक युवक की चाकू से गोद हत्या कर दी गई। घटनाक्रम की जानकारी लगते ही चार स्थानों का पुलिस बल जिला अस्पताल पहुंच गया था। घटनाक्रम मृतक युवक के घर के सामने होना बताया गया है। नीलगंगा चौराहा पर रहने वाला महेंद्र पिता सुरेंद्र तोमर 23 वर्ष घर के बाहर ही मदर डेयरी संचालित करता है। रात 12: बजे के लगभग घर के बाहर खड़ा हुआ था इस दौरान क्षेत्र के रहने वाले दीपक और अंकित पहुंचे और





तवातोड़ चाकुओं से महेंद्र पर हमला करना शुरू कर दिया। शोर शराबा सुनकर परिवार बाहर आया तो उन्होंने महेंद्र को खून से लथपथ देखा। चाकू मारने वाले परिवार के लोगों को देख भाग निकले। महेंद्र को जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। युवक की हत्या होने की खबर मिलते ही नीलगंगा थाना पुलिस घटनास्थल पहुंच गई थी। जिला अस्पताल में परिजनों और परिचितों की भीड़ लगने पर नीलगंगा थाना पुलिस के साथ महाकाल, देवास गेट, कोतवाली थाने का बल भी पहुंच गया था। सीएसपी दीपिका शिंदे, श्वेता गुप्ता जिला अस्पताल पहुंचे। परिजनों से पूछताछ करने के बाद घटनास्थल पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की।

मृतक युवक परिजनों का कहना था कि चाकू मारने वालों के साथ एक महिला भी शामिल थी जिसने पथराव किया था। सीएसपी दीपिका शिंदे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है हत्या की वजह सामने नहीं आ पाई है। हमला करने वाले नीलगंगा क्षेत्र के रहने वाले बताए गए हैं जिनकी तलाश के लिए एक टीम रवाना की गई है। नीलगंगा पुलिस का कहना था कि परिजनों से पूछताछ कर उनका सुराग तलाश जा रहा है। हत्या करने वालों के गिरफ्त में आने पर ही घटनाक्रम स्पष्ट हो पाएगा।

## हाईटेंशन की चपेट में आने से सेवानिवृत्त एएसआई की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

छत के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से गुरूवार देर शाम सेवानिवृत्त एएसआई की करंट लगने पर मौत हो गई। परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। ड्युटी क पाउंडर की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

नागझिरी थाना क्षेत्र की क्षिप्रा विहार कलोनी में रहने वाले सेवानिवृत्त एएसआई दिनेशचंद्र पिता रमाशंकर त्रिपाठी 70 वर्ष को आकांक्षा पति राम तिवारी परिजनों के साथ जिला अस्पताल लेकर पहुंची थी। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि घर की छत के पास से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है।

## पत्नी को फंसाने के लिये युवक ने खुद को किया था घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मंगलवार रात एक युवक लहूलुहान हालत में नीलगंगा थाने पहुंचा था। उसने पत्नी और उसके परिवार पर हमले का आरोप लगाया। पुलिस जिस स्थान पर हमला हुआ, वहां पहुंची, लेकिन खून के निशान नहीं मिले। हालत में सुधार आने पर पूछताछ की तो बरगलाने लगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में लगी हुई है। पत्नी बच्चों के साथ मायके में रहती है। नीलगंगा टीआई विवेक कनोडियां ने बताया कि मंगलवार-बुधवार रात डेढ़ बजे के लगभग एक युवक खून से लथपथ हालत में थाने आया था। उसका शरीर सीने से लेकर पेट तक तेज धारदार हथियार से कटा हुआ था।

## खेत में ट्रेक्टर चलाने और मिट्टी डालने पर चले डंडे सरिये

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बड़नगर थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलाबाद में शेषनारायण पिता हरिसिंह भील और भानू पिता पीरूलाल डोडिया के खेत पास-पास है। बीती शाम दोनों के बीच विवाद हो गया और परिवार के साथ मिलकर एक-दूसरे के साथ डंडे-सरिये से मारपीट की गई। मामला थाने पहुंचने पर शेषनारायण ने आरोप लगाया कि आरोपी पक्ष द्वारा उसके खेत में मिट्टी डालकर रास्ता रोका जा रहा था। वहीं भानू डोडिया का आरोप था कि उसके खेत में ट्रेक्टर चलाया जा रहा था और मिट्टी खोदी जा रही थी। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ क्रास प्रकरण दर्ज किया है। मारपीट में गोपाल भील के घायल होने पर प्राथमिक उपचार कराया है।

## गोली चलाने वाले बदमाश के भाई की तलाश

**उज्जैन।** नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के महावीर का पलेक्स में सोमवार दोपहर को बदमाश विशाल उर्फ टोनू जाट निवासी आनंदनगर ने लेनदेन के विवाद में गैरेज संचालक नासिर खां पर गोली चलाई थी। पुलिस ने उसे कुछ घंटो की तलाश के बाद हिरासत में लिया था। जिसके पास से एक देशी पिस्टल, जिंदा कारतूस के साथ दो देशी कट्टे मिले थे। पुलिस ने उसे हथियारों के संबंध में पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया था। इस दौरान सामने आया कि पिस्टल और देशी कट्टे उसका भाई अनिल लेकर आया था। उसने घर में रखे थे। नासिर के भाई अमजद से लेनदेन का विवाद चल रहा था। जिसके चलते वह पिस्टल और कट्टे लेकर उसे धमकाने पहुंचा था। टीआई नरेन्द्र कुमार ने बताया कि बदमाश के भाई की तलाश की जा रही है। गुरूवार को बदमाश का रिमांड खत्म होने पर उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। भाई की तलाश जारी है।

## कल्याणपुरा में बैंड बजाने आया था, नहाने के दौरान हादसा

# क्षिप्रा नदी में 3 घंटे की तलाश के बाद मिला युवक का शव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दरबार परिवार में आयोजित शादी में बैंड बजाने आया युवक गुरूवार दोपहर गांव से गुजर रही क्षिप्रा नदी में डूब गया। तीन घंटे की तलाश के बाद उसका शव एनडीईआरएफ की मदद से बाहर निकाला गया। युवक धार के सादलपुर का रहने वाला है। पुलिस ने परिजनों को घटना से अवगत कराया है। उनके आने पर पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

नरवर थाना एएसआई चैनसिंह बुंदेला ने बताया कि दोपहर 3 बजे सूचना मिली थी कि ग्राम कल्याणपुरा स्थित क्षिप्रा नदी में एक युवक डूब गया है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो सामने आया कि घटना दोपहर 2 बजे के लगभग की है। युवक विनोद पिता विक्रम मकवाना 22 वर्ष ग्राम पिपलिया सादलपुर धार का रहने वाला है। वह गांव में दरबार परिवार के यहां आयोजित शादी में बैंड बजाने के लिये अपने टीम के साथ आया था। दोपहर में खाना खाने के बाद टीम के कुछ साथी नहाने के लिये पहुंचे थे। विनोद ने कपड़े उतारने के बाद नदी में छलांग लगा दी। उसे तैरना नहीं आता था। वह गहराई में चला गया। एएसआई बुंदेला के अनुसार डूबे युवक की तलाश के लिये एनडीईआरएफ की टीम को बुलाया गया और सर्चिंग शुरू कराई गई। शाम 5.30 बजे के लगभग उसका शव नदी से बाहर निकाला जा सका। जिसे जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है।

## क्षिप्रा विहार में मकान का ताला तोड़कर की वारदात, 3 लाख रुपए के आभूषण चोरी

# परिवार माता पूजन करने गया था, चोरों ने किया हाथ साफ



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर में वारदात करने वाली चोरों की गैंग लगातार सक्रिय दिखाई दे रही है। बुधवार-गुरुवार रात क्षिप्रा विहार में चोरों ने मकान का ताला तोड़ दिया। परिवार माता पूजन के लिये पैतृक गांव गया था। चोरों ने तलाशी लेने के बाद करीब 3 लाख के आभूषण चोरी किये है। खबर मिलने पर पुलिस और फिंगर प्रिंट टीम मौके पर पहुंची थी। देर शाम तक पता नहीं चल पाया था कि बदमाश कहां से आये थे और किस ओर भागे है। नागझिरी थाना क्षेत्र के देवासरोड स्थित क्षिप्रा विहार कालोनी में रहने वाले अमृतलाल केलकर परिवार के साथ पैतृक गांव बनड़ा भल्ला नवमी पर्व होने पर माता पूजन के लिये गये थे। गुरूवार सुबह वापस लौटे तो मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर



जाने पर समान अस्त-व्यस्त दिखाई दिया, अलमारी-दीवान पेटी खुली हुई थी। रात में ताला तोड़कर चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दे दिया था। मामले से पुलिस को अवगत कराया गया। जांच के लिये टीम पहुंची और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट को बुलाया गया। परिवार ने बताया कि चोर अलमारी में रखा सोने का हार, अंगूठी, चेन, चांदी के आभूषण और अन्य सामान चोरी किया है। पुलिस ने जांच के बाद वारदात करने वालों की तलाश में क्षेत्र के कैमरों को तलाश करना शुरू किया है।

### पुलिस को नहीं मिल पा रहा चोरों का सुराग

चोरों की गैंग हर थाना क्षेत्र में वारदात कर रही है। 13 से 15 अप्रैल को चिमनगंज थाना क्षेत्र की कृषि उपज मंडी में दुकान के साथ एमआर-5 मार्ग नक्षत्र होटल के समीप दुकान में चोरी होना सामने आया था। उससे पहले मक्सीरोड मैत्री निकुंज कालोनी में अभिभाषक परिवार के यहां बड़ी वारदात हो गई थी। पिछले तीन माह में चोरों ने नीलगंगा, चिमनगंज, माधवनगर, नागझिरी क्षेत्र में सूने मकानों के ताले तोड़कर लाखों के आभूषण, नगदी और कीमती सामान चोरी किया है। बावजूद पुलिस को वारदात करने वालों का सुराग नहीं मिल पा रहा है। नीलगंगा और चिमनगंज थाना क्षेत्र में मकानों में हुई चोरी की वारदात के बाद पुलिस को चोरों की गैंग के फुटेज भी मिले थे। नीलगंगा क्षेत्र के इंदौर-नागदा बायपास मार्ग पर बनी कालोनियों में 6 से 7 बदमाश पहुचे थे। जिनके पास हथियारनुमा औजार भी होना सामने आये थे। वहीं चिमनगंज थाना क्षेत्र के कानीपुरा मार्ग पर हुई चोरी में 4 बदमाशों की गैंग दिखाई दी थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com